जय जय गणपति गौरी नंदन हम आए शरण तिहारी प्रभु लिरिक्स

जय जय गणपति गौरी नंदन,
हम आए शरण तिहारी प्रभु,
तुम रिद्धि सिद्धि के हो दाता,
हम भक्तन पर बलिहारी प्रभु,
जय जय गणपति गौंरी नंदन,
हम आए शरण तिहारी प्रभु।bd।

तर्ज – दिल लूटने वाले।

ब्रम्हा विष्णु शिव ध्यान धरे,
मिल देवता सब सम्मान करे,
हम करते है वंदन तेरा,
और आए शरण तिहारी प्रभु,
जय जय गणपति गौंरी नंदन,
हम आए शरण तिहारी प्रभु।bd।

हम आस लगाए बैठे है,
तेरा ध्यान लगाए बैठे है,
भक्तन को सच की राह दिखा,
और सबको पार लगाना प्रभु,
जय जय गणपति गौंरी नंदन,
हम आए शरण तिहारी प्रभु।bd।

शिव शंकर ने वरदान दिया,
तुम प्रथम ही पूजे जाओगे,
मैंने भी प्रथम तुम्हे पूजा है,
मुझे भव से पार लगाना प्रभु,
जय जय गणपति गौंरी नंदन,
हम आए शरण तिहारी प्रभु।bd।

तीनों लोको में तुम जैसा,
दूजा कोई देव ना दानी है,
जो कोई लगाए मुराद प्रभु,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इंटरनेट के भी आपके मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

पूरी सब तुम कर देना प्रभु,
जय जय गणपति गौंरी नंदन,
हम आए शरण तिहारी प्रभु।**bd।**

जय जय गणपति गौरी नंदन,
हम आए शरण तिहारी प्रभु,
तुम रिद्धि सिद्धि के हो दाता,
हम भक्तन पर बलिहारी प्रभु,
जय जय गणपति गौंरी नंदन,
हम आए शरण तिहारी प्रभु।**bd।**

गायक – राकेश काला जी।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com